# सजधज बैठा श्याम हमारा | By Poonam Sharma

जय जय जय श्याम ...जय जय श्याम

सजधज बैठा श्याम हमारा प्यारा है श्रृंगार
सांवरा आज तो गज़ब ढा रहा

होंठो पे कैसी मुस्कान है
ये ही तो इसकी पहचान है
आँखें इसकी अमृत की हैं प्यालियाँ
होंठो पे कैसी मुस्कान है
मुखमण्डल पर गौर से देखो कैसा है निखार
सांवरा आज तो गज़ब ढा रहा

केसरिया बाघा है पहने
ऊपर से भारी भारी गहने
मोर मुकुट में हीरा है चमक रहा
केसरिया बाघा है पहने
गल विज शोभा करे चौगुनी रंग बिरंगे हार
सांवरा आज तो गज़ब ढा रहा

क्यूँ इतना सजते हो प्यारे
तेरे आगे फीके हर नज़ारे
तुम तो ऐसे ही सुन्दर हो सांवरे
क्यूँ इतना सजते हो प्यारे
नून राई वारो जी वारो लेवो नज़र उतार
सांवरा आज तो गज़ब ढा रहा

ये तो हमारे दिल को भा रहा
जलवे अनूठे ये दिखा रहा
बिन्नू कहता इसके जैसा और कहाँ
ये तो हमारे दिल को भा रहा
पूनम का चंदा शरमाया जबसे किया दीदार
सांवरा आज तो गज़ब ढा रहा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%9c%e0%a4%a7%e0%a4%9c-%e0%a4%ac%e0%a5%88%e0%a4%a0%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b9%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-poonam-sharma/